14 जनवरी 2026
बुधवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



मकर संक्रांति व मौनी अमावस्या से पहले प्रशासन अलर्ट, घाटों से मैदान तक सख्त इंतजाम

2



## एक नजर

### केरल का नाम बदलने के प्रस्ताव को भाजपा का समर्थन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल का नाम बदलने के एलडीएफ सरकार के प्रस्ताव को केरल भाजपा ने भी समर्थन दिया है। भाजपा ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। दरअसल केरल की एलडीएफ सरकार ने केरल का नाम बदलकर केरलम करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य की भाजपा इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर अपना समर्थन दिया है। पत्र में चंद्रशेखर ने लिखा कि नाम बदलने से राज्य में कट्टरपंथी ताकतों पर नकेल कसने में मदद मिलेगी, जो धर्म के आधार पर राज्य में अलग-अलग जिले बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। चंद्रशेखर ने बताया कि राज्य विधानसभा इस प्रस्ताव को पारित कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा भाषा, संस्कृति और परंपराओं को बचाने में आधारित है और भाजपा केरल को हमेशा केरलम के रूप में ही देखती है क्योंकि इस राज्य का हजारों वर्षों का इतिहास और संस्कृति है।

### प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर आपस में भिड़े कांग्रेसी

**बिजनौर।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन कार्यक्रम पर उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में कांग्रेस कार्यकताओं के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। प्रियंका गांधी के जन्मदिन कार्यक्रम में कांग्रेस के दो पदाधिकारी आपस में ही भिड़ गए। दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिलाध्यक्ष ने बीच बचाव कराते हुए दोनों को अलग किया। मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले में किसी भी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है। दरअसल, बिजनौर में कांग्रेस के कार्यालय पर प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाने के लिए जिलेभर के कांग्रेसी एकत्र हुए। जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने केक काटा। इसके कुछ देर के बाद ही झालू के रहने वाले अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष वसीम अकरम और नगर अध्यक्ष झालू मुकीम के बीच कहासुनी हो गई।

# बफीर्ली हवाओं ने बढ़ाई कंपकंपी : घने कोहरे की गिरफ्त में उत्तर भारत

- कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से हरियाणा, पंजाब और दिल्ली में रेड अलर्ट
- सर्द उत्तरी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मैदानी इलाकों में शीतलहर तेज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर भारत इस समय कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। हिमालय से आ रही बफीर्ली हवाओं ने तापमान को सामान्य से काफी नीचे गिरा दिया है। दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में रेड अलर्ट जारी किया गया है। कई राज्यों में दृश्यता बेहद कम है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। हिमालय की ऊंची चोटियों से आ रही बफीर्ली हवाओं ने पूरे उत्तर भारत को कड़ाके की ठंड में जकड़ लिया है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत कई राज्यों में तापमान सामान्य से काफी नीचे चला गया है। राजधानी दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुरुग्राम में पारा गिरकर 0.6 डिग्री तक पहुंच गया। घने कोहरे ने जनजीवन के साथ-साथ यातायात को भी बुरी तरह प्रभावित किया है। मौसम विभाग के अनुसार, हिमालयी क्षेत्र से आ रही सर्द उत्तरी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण मैदानी इलाकों में शीतलहर तेज हुई है। हवा की रफ्तार कम होने और नमी बढ़ने से घना कोहरा छा गया है। दिल्ली, यूपी और हरियाणा के कई इलाकों में दृश्यता शून्य से 50 मीटर तक सिमट गई, जिससे सुबह के समय हालात और गंभीर हो गए। पिछले करीब चार हफ्तों से बिहार का मौसम लगातार कठोर बना हुआ है। घना कोहरा, ठंडी पछुआ हवाएं और सूर्य की अनुपस्थिति के कारण दिन का तापमान सामान्य से काफी नीचे बना रहा। खासकर उत्तर और मध्य बिहार के जिलों–जैसे पटना, गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गोपालगंज और छपरा–में लोगों को दिनभर कंपकंपाती ठंड का सामना करना पड़ा। कई जिलों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रही, जहां अधिकतम तापमान 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

### उत्तर भारत में गिरा तापमान

उत्तर भारत के कई हिस्सों में इस सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। हिमाचल प्रदेश के कुकुमसेरी में तापमान शून्य से नीचे –10.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। लद्दाख के न्योमा में –19.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान के फतेहपुर में पारा 0.4 डिग्री तक लुढ़क गया। उत्तर प्रदेश में बरेली सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री दर्ज किया गया।पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में अगले दो–तीन दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और उत्तराखंड में घने कोहरे की चेतावनी है। कोहरे

# भारतीय वायुसेना : फ्रांस से 114 राफेल खरीदने की तैयारी में

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत अपनी वायुसेना को और मजबूत बनाने की ओर बड़ा कदम उठाने जा रहा है। इसके तहत भारत फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की तैयारी में है। यह प्रस्ताव इस हफ्ते रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय बैठक में रखा जाएगा। सौदे की कुल लागत लगभग 3.25 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। इन विमानों में से करीब 12-18 विमान तैयार हालत में वायु सेना को मिलेंगे। बाकी विमानों का निर्माण भारत में होगा, जिसमें लगभग 30 फीसदी भारतीय सामग्री का इस्तेमाल किया जाएगा।भारत चाहता है कि इन विमानों में भारतीय हथियार और सिस्टम को आसानी से जोड़ा जा सके। हालांकि, विमानों का सोर्स कोड केवल फ्रांस के पास रहेगा। हालांकि खास बात यह है कि अमेरिका और रूस ने भारत को अपने एफ -35 और एसयू-57 जैसे पांचवीं पीढ़ी के विमान ऑफर किए हैं। इसके बावजूद भारत ने राफेल को प्राथमिकता दी है।राफेल लड़ाकू विमान को प्राथमिकता देने की सबसे बड़ा कारण उसका ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शन रहा। इस दौरान राफेल ने पाकिस्तानी मिसाइलों को मात दी और दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए। बता दें कि फ्रांस की कंपनी डासौल्ट भारत में राफेल के एम -88 इंजन की मरम्मत और रख-रखाव सुविधा भी बनाएगी।

## अमित शाह बोले- विदेश पर निर्भरता खत्म होगी

# गुजरात में भारत की दूसरी बीएसएल-4 लैब का हुआ शिलान्यास



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गांधीनगर में गुजरात जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) अनुसंधान केंद्र की बीएसएल-4 जैव-संरक्षण (बायोकंटेनमेंट) प्रयोगशाला की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के बाद भारत को खतरनाक वायरस के नमूनों के परीक्षण के लिए विदेश पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।शाह ने बताया कि इस प्रयोगशाला के सक्रिय होने के बाद नमूनों का परीक्षण तेजी से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत में 1.4 अरब की जनसंख्या होने के बावजूद अब तक केवल पुणे के राष्ट्रीय वायरोलॉजी संस्थान में एक ही बीएसएल-4 प्रयोगशाला थी, जिसके कारण नमूने सैकड़ों किलोमीटर दूर भेजने पड़ते थे।उन्होंने बताया कि गुजरात पहला ऐसा राज्य बन गया है, जिसने अत्यधिक संक्रामक और जानलेवा वायरस के लिए आवश्यक उच्चतम स्तर की जैव सुरक्षा वाली बीएसएल-4 प्रयोगशाला स्थापित की है। यह देश में दूसरी बीएसएल-4 प्रयोगशाला है, लेकिन राज्य सरकार की ओर से बनाई जाने वाली पहली प्रयोगशाला है। इसके निर्माण का श्रेय गुजरात को जाता है। शाह ने कहा, भारत की जैव सुरक्षा के लिए यहां 362 करोड़ रुपये की लागत से 11 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में एक मजबूत किला बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में स्वास्थ्य सुरक्षा, जैव सुरक्षा और जैव क्षेत्र के विकास का नया युग शुरू हुआ है। गृह मंत्री ने कहा कि यह सुविधा आने वाले दिनों में भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में उभरेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण पर आधारित है, जिसमें विज्ञान और तकनीक केवल अनुसंधान तक सीमित नहीं रहे, बल्कि देश के समग्र विकास का आधार बने। उन्होंने कहा कि पुणे के राष्ट्रीय वायरोलॉजी संस्थान के बाद यह भारत की दूसरी उच्च-स्तरीय प्रयोगशाला है। शाह ने बताया कि कई वर्षों तक भारत इस क्षेत्र में दुनिया में पीछे रहा। लेकिन बीएसएल-4 बायोकंटेनमेंट सुविधा से बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को नए अवसर मिलेंगे और भारत इस क्षेत्र में आगे बढ़ सकेगा। शाह ने कहा कि इस सुविधा में वैज्ञानिक सुरक्षित माहौल में अत्यधिक संक्रामक और जानलेवा वायरस पर शोध कर सकेंगे।

# 20 जनवरी को भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं नितिन नबीन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन अगले हफ्ते पार्टी अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बिहार से पांच बार के विधायक नितिन नबीन को पिछले साल 14 दिसंबर को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, नितिन नबीन 19 जनवरी को नामांकन दाखिल करेंगे और 20 जनवरी को उनके निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, उनके निर्विरोध चुने जाने की पूरी संभावना है, क्योंकि किसी अन्य नेता के मैदान में उतरने की संभावना बेहद कम है। भाजपा के सूत्र ने बताया, अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, यदि आवश्यकता पड़ी तो जेपी नड्डा के स्थान पर नए भाजपा अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पार्टी मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्रियों, प्रदेश अध्यक्षों, राष्ट्रीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं को इस मौके पर दिल्ली में मौजूद रहने को कहा गया है। पार्टी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की औपचारिक घोषणा करेंगे। बताया गया है कि अध्यक्ष पद के लिए तीन सेट में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। एक सेट पर 20 से अधिक निर्वाचित प्रदेश अध्यक्षों के हस्ताक्षर होंगे। रिपोट्र्स के मुताबिक, दूसरे सेट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा के हस्ताक्षर होंगे। तीसरा सेट भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का होगा।

## पांच रूटों पर एक साथ शुरू होगी अमृत भारत ट्रेन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे के लिए 17 जनवरी का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी इस दिन वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। देश के विभिन्न रूटों पर पांच नई अमृत भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू करेंगे। ये ट्रेनें नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के बीच कनेक्टिविटी को तेज करेगी। प्रधानमंत्री मोदी बनारस से सियालदह और डिब्रूगढ़ से गोमती नगर (लखनऊ) के बीच अमृत भारत ट्रेनों की शुरूआत करेंगे। बनारस-सियालदह अमृत भारत ट्रेन से पूर्वांचल और पश्चिम बंगाल के बीच व्यापारिक गतिविधियों और धार्मिक पर्यटन को मजबूती मिलने की उम्मीद है। वहीं, डिब्रूगढ़झ गोमती नगर रूट के शुरू होने से पूर्वोत्तर भारत का सीधा रेल संपर्क उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से हो जाएगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इन दोनों ट्रेनों का समय और विस्तृत शेड्यूल जल्द ही आधिकारिक रूप से जारी किया जाएगा। इसके अलावा राजधानी दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल को हावड़ा से जोड़ने वाली नई अमृत भारत ट्रेन बिहार और बंगाल के यात्रियों के लिए जीवन रेखा बनेगी। कामाख्या (असम) से रोहतक (हरियाणा) के बीच चलने वाली ट्रेन लंबी दूरी के यात्रियों को नई राहत देगी। यह ट्रेन पश्चिम बंगाल, बिहार और यूपी के प्रमुख स्टेशनों से गुजरते हुए हरियाणा तक पहुंचेगी।






# जोकही नवविवाहिता हत्याकांड : भाई के बयान पर एफआईआर दर्ज, पति गिरफ्तार



**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जोकही गांव में सोमवार को हुए नवविवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में उसके भाई के बयान पर मुफस्सिल थाने में दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पति उपेन्द्र राजभर को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतका के बड़े भाई रिशु राज के अनुसार, कबूतरी देवी की शादी अप्रैल 2024 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उपेंद्र राजभर से हुई थी। शादी के समय परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार करीब डेढ़ लाख रुपये दहेज में दिए थे, लेकिन शादी के कुछ ही महीनों बाद ससुराल पक्ष, विशेषकर पति, बाइक की मांग को लेकर कबूतरी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। इस बीच कबूतरी एक बच्चे की मां बनी, लेकिन मातृत्व भी उसकी जिंदगी नहीं बचा सका।

### सुबह फोन पर बातचीत, शाम को मौत की खबर

घटना के दिन 12 जनवरी की सुबह कबूतरी देवी ने मायके फोन कर अपनी कुशलता बताई थी। परिजन सामान्य बातचीत से निश्चिंत हो गए थे। लेकिन शाम ढलते-ढलते ससुराल से फोन आया कि उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई है। जब मायकेवाले जोकही गांव पहुंचे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कबूतरी देवी घर के आंगन में मृत अवस्था में पड़ी थी और ससुराल के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार थे।

### गला दबाकर हत्या का आरोप

मायके पक्ष का सीधा आरोप है कि बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर उपेंद्र राजभर ने कबूतरी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतका के पिता भीम राजभर के आवेदन पर मुफस्सिल थाना में दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी में दहेज के लिए लगातार प्रताड़ना और हत्या का स्पष्ट उल्लेख किया गया है।

### ईंट-भट्ठे से गिरफ्तारी, जांच में जुटी पुलिस

घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर छापेमारी शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की शाम आरोपी पति उपेंद्र राजभर को गांव के समीप स्थित एक ईंट-भट्ठे से गिरफ्तार कर लिया गया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

### दहेज की आग में फिर झुलसी एक बेटी

इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कानून और सामाजिक जागरूकता के बावजूद दहेज की भूख आज भी बेटियों की जिंदगी निगल रही है। तीन माह के मासूम बच्चे के सिर से मां का साया उठ जाना इस त्रासदी को और भी भयावह बना देता है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की गहन जांच में जुटी है और अन्य आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# मकर संक्रांति व मौनी अमावस्या से पहले प्रशासन अलर्ट, घाटों से मैदान तक सख्त



■ रामरेखा व सिपाही घाट का डीएम ने किया निरीक्षण, पतंग महोत्सव और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर दिए कड़े निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

मकर संक्रांति एवं मौनी अमावस्या जैसे बड़े धार्मिक पर्वों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी साहिला ने मंगलवार को रामरेखा घाट एवं सिपाही घाट का स्थल निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, पेयजल, शौचालय, लाइटिंग, सीसीटीवी, माइकिंग और आपदा प्रबंधन से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को सख्त और स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के समय उप विकास आयुक्त निहारिका छवि, अनुमंडल पदाधिकारी अविनाश कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव पांडेय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात, स्वच्छता प्रभारी नगर परिषद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। घाट क्षेत्र में शौचालयों के साइनेंज काफी दूर पाए जाने पर निर्देश दिया गया कि शौचालय के आसपास भी स्पष्ट साइनेंज लगाए जाएं तथा पेयजल की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए। आसपास की गलियों में जमा कचरे को तत्काल हटाने, सभी लाइट और हाईमास्ट लाइट को दुरुस्त कर क्रियाशील रखने पर भी जोर दिया गया। श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए चेंजिंग रूम को सही और सुरक्षित तरीके से तैयार करने का भी निर्देश दिया गया।

### पतंग महोत्सव को लेकर पूरी तैयारी पार्किंग और सुरक्षा पर फोकस

14 जनवरी को आयोजित होने वाले पतंग महोत्सव को लेकर सिपाही घाट क्षेत्र में विशेष तैयारियां की जा रही हैं। स्वच्छता पदाधिकारी नगर परिषद ने बताया कि सिपाही घाट के पश्चिमी हिस्से में खाली मैदान को पतंग महोत्सव के लिए तथा पूर्वी हिस्से के मैदान को पार्किंग एरिया के रूप में चिन्हित किया गया है। जिला कला एवं संस्कृति विभाग, शारीरिक शिक्षा विभाग और नजारत शाखा के सहयोग से फ्लैश मोब डांस, म्यूजिकल चेयर, सैक रेस, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, हैंडबाल और पतंग प्रतियोगिता जैसे कुल सात से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल के चारों ओर पर्याप्त और मजबूत बैरिकेडिंग की जाए, ताकि प्रतिभागियों और दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही मैदान में पर्याप्त डस्टबिन, पेयजल की व्यवस्था और चलंत शौचालय की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

### रामरेखा घाट पर अव्यवस्था पर नाराजगी, हटेंगी चौकियां

निरीक्षण के दौरान रामरेखा घाट पर स्थानीय पंडाओं द्वारा सीढ़ियों पर बड़ी संख्या में चौकियां लगाए जाने का मामला सामने आया। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर बताते हुए कहा कि इससे पर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो सकती है। उन्होंने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल चौकियां हटवाकर घाट की सीढ़ियों को पूरी तरह खाली कराने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### आपदा चेतावनी, सीसीटीवी और लाइटिंग अनिवार्य

रामरेखा घाट पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर विज्ञापन प्रसारित होते पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि नियमित रूप से आपदा से संबंधित चेतावनियों का प्रसारण किया जाए। इसके साथ ही घाट पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को सप्ताह के सभी दिन व 24 घंटे क्रियाशील रखने, आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कैमरे लगाने और माइकिंग व्यवस्था को लगातार चालू रखने के निर्देश दिए गए।

## एक नजर

### 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में 60 वर्षीय आरोपी दोषी करार, सजा पर फैसला सुरक्षित

**बक्सर।** बक्सर में नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के एक जघन्य मामले में न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया है। पोक्सो कांड संख्या 64/2024 एवं महिला थाना कांड संख्या 14/2024 में नामजद अभियुक्त 60 वर्षीय सिद्धि राम को विशेष पोक्सो न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा की अदालत ने दोषी ठहराया। हालांकि सजा के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा गया है, जिसे शीघ्र ही सुनाया जाएगा। विशेष लोक अभियोजक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना 5 मार्च 2024 की है। बड़की नैनिजोर गांव की 10 वर्षीय बच्ची सुबह शौच के लिए बांध की ओर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले सिद्धि राम ने बच्ची को जबरन पकड़ लिया और नहर के दूसरी ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना के बाद घायल अवस्था में बच्ची ने परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके आधार पर महिला थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को पोक्सो एक्ट की धारा 18 एवं 10 के तहत दोषी करार दिया। इस फैसले को बच्चों के खिलाफ अपराधों पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर बक्सर कोर्ट परिसर में एक अन्य गंभीर मामले में भी न्यायिक कार्रवाई देखने को मिली। बक्सर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 5/2026 में नामजद अभियुक्त सुरेश बिंद और मंगरू बिंद ने मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी देवेश कुमार की अदालत में आत्मसमर्पण किया। दोनों अभियुक्तों ने जमानत के लिए आवेदन दिया, लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया और दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोप है कि 1 जनवरी को दोनों अभियुक्तों ने धनेश्वरी देवी के घर में घुसकर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया था, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस मामले में भी अदालत के सख्त रुख से अपराधियों में कानून का भय स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है।

### दुकान में आग से बाल-बाल बचा परिवार, बड़ा हादसा टला

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परमानपुर गांव में बीती रात किराना दुकान में लगी आग ने एक बड़े हादसे की आशंका पैदा कर दी। गनीमत रही कि दुकान के ऊपर सो रहा पूरा परिवार समय रहते जाग गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की घटना सुरेश गुप्ता की किराना दुकान में हुई, जिसमें लाखों रुपये के सामान जलकर राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रात के समय अचानक दुकान से धुआं और जलने की गंध आने लगी। इसके बाद आग की तेज लपटें उठती देख परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। परिवार के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी व अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग कुछ देर और बढ़ जाती, तो ऊपर बने आवासीय हिस्से में भी फैल सकती थी, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। आग लगने की वजह प्रथम दृष्टया बिजली की शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। इधर घटना की सूचना मिलते ही नावानगर थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदार से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

# युवाओं के लिए संजीवनी का काम कर रहा है स्वामीजी का उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत का विचार : दत्त



**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर चुरामनपुर गांव में आयोजित एक सादे लेकिन प्रेरणादायक कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रकृति संरक्षण के साथ जोड़ते हुए युवाओं को जीवन का नया दृष्टिकोण दिया गया। दत्त क्लासेस के संचालक अविनाश दत्त ने पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। उनके विचारों में धर्म, मानवता और कर्म का ऐसा संतुलन है, जो युवाओं को आत्मिक और मानसिक मजबूती प्रदान कर सकता है।

अविनाश दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग तनाव, अवसाद, निराशा और आंतरिक संघर्षों से जूझ रहा है। सोशल मीडिया और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जीवन की दिशा भटकती जा रही है। ऐसे में स्वामी विवेकानंद के विचार ह्यउठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मतह्व युवाओं के लिए संजीवनी का काम कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी को भारत सरकार ने वर्ष 1984 से राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की, ताकि युवा पीढ़ी उनके विचारों से प्रेरणा ले सके।

कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कुल 11 पौधे लगाए गए, जिनमें आम और आंवला जैसे उपयोगी और दीर्घकालिक फलदार पौधे शामिल थे। यह पौधरोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य का संकल्प बताया गया।

इस अवसर पर हर्षित तिवारी, अमित राज, अमित यादव, युवराज कुमार, संजना कुमारी, लालजी सिंह, सूरज कुमार, रोहित यादव, नंदनी कुमारी, पूजा, सपना, निपुंजय सहित कई छात्र-छात्राएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब विचार और कर्म एक साथ चलें, तभी सच्चा युवा निर्माण संभव होगा।

# गणतंत्र दिवस की गरिमा बनाए रखने को प्रशासन मुस्तैद, एसडीएम ने किया मैदान का निरीक्षण



**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी गणतंत्र दिवस को भव्य, अनुशासित और जनभागीदारी से भरपूर बनाने के उद्देश्य से डुमरांव प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को अनुमंडल मुख्यालय स्थित राज हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रशासनिक सक्रियता देखने को मिली, जहां एसडीएम राकेश कुमार ने व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्पष्ट किया कि गणतंत्र दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र की लोकतांत्रिक परंपराओं और गौरव का प्रतीक है। ऐसे में समारोह की प्रत्येक व्यवस्था उच्च स्तर की होनी चाहिए। उन्होंने मंच निर्माण, झंडोत्तोलन स्थल, परेड ग्राउंड, दर्शक दीर्घा और सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही मैदान की साफ-सफाई, समतलीकरण और सजावट को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

एसडीएम ने कहा कि समारोह में आने वाले आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं और अतिथियों की सुविधा सर्वोपरि है। इसके लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा विद्युत और ध्वनि व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने परेड रिहर्सल की प्रगति की जानकारी ली और समयबद्ध अभ्यास सुनिश्चित करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान बीडीओ संदीप पांडेय ने बताया कि प्रखंड प्रशासन सभी विभागों के साथ तालमेल बनाकर कार्य कर रहा है। स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग स्थान और अभ्यास की व्यवस्था की जा रही है, ताकि कार्यक्रम में विविधता और आकर्षण बना रहे।

अंत में एसडीएम राकेश कुमार ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि गणतंत्र दिवस समारोह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हो। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है, ताकि राष्ट्रीय पर्व की गरिमा हर स्तर पर दिखाई दे।

# निर्भया ब्रिगेड का असर: डुमरांव में बेखौफ हुईं छात्राएं, मनचलों की उड़ गई नींद

■ एसआई प्रियंका के नेतृत्व में धरातल पर उतरा अभियान, स्कूल-कॉलेज से लेकर कोचिंग तक सख्त निगरानी



**रजनी कांत दूबे/डुमरांव**

डुमरांव के शहरी और ग्रामीण इलाकों में इन दिनों एक सकारात्मक बदलाव साफ दिखाई दे रहा है। सुबह-शाम स्कूल, कॉलेज और कोचिंग जाने वाली छात्राओं के चेहरे पर अब डर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास नजर आता है। सड़कों पर बेखौफ चलती छात्राएं, परीक्षा केंद्रों तक निडर पहुंचती लड़कियां और कोचिंग से लौटते समय निश्चिंत महिलाएं यह सब संभव हुआ है निर्भया ब्रिगेड के सक्रिय अभियान से।

### डुमरांव में धरातल पर उतरी सरकारी पहल

राज्य सरकार के गृह विभाग ने स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सभी थानों में निर्भया ब्रिगेड के गठन का निर्देश दिया था। इसी निर्देश के तहत डुमरांव थाना क्षेत्र में निर्भया ब्रिगेड अब पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में उतर चुकी है। इस ब्रिगेड की कमान संभाल रही हैं डुमरांव थाने की तेज-तर्रार और सख्त मिजाज मानी जाने वाली एसआई प्रियंका कुमारी, जिनकी मौजूदगी भर से ही मनचलों में हड़कंप मच जा रहा है।

### हर दिन स्कूल-कॉलेजों की पैनी निगरानी

एसआई प्रियंका रोजाना सुबह से शाम तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों व कोचिंग सेंटरों का दौरा कर रही हैं। संस्थानों के आसपास बेवजह मंडराने वाले लफंगों, बाइकर्स गैंग और शरारती तत्वों पर खास नजर रखी जा रही है। जहां कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखती है, वहां प्रियंका के तीखे सवाल और सख्त फटकार से माहौल तुरंत बदल जाता है। कई मनचले तो पुलिस की मौजूदगी देखकर ही रास्ता बदल लेते हैं।

### परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षा का घेरा

मंगलवार को भी निर्भया ब्रिगेड ने सक्रियता का परिचय दिया। एसआई प्रियंका ने सुमित्रा महिला कॉलेज में चल रही स्नातक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इसके अलावा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के करीब आधा दर्जन शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें निडर होकर पढ़ाई करने, लक्ष्य तय करने और मेहनत से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### छात्राओं को दी जा रही है कानून की जानकारी : एसआई प्रियंका

केशव टाइम्स से बातचीत में एसआई प्रियंका ने बताया कि निर्भया ब्रिगेड केवल निगरानी तक सीमित नहीं है। छात्राओं और महिलाओं को उनके अधिकारों और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की जानकारी भी दी जा रही है, ताकि वे किसी भी स्थिति में चुप न रहें और तुरंत मदद मांग सकें। उन्होंने दो टूक कहा कि लड़कियों और महिलाओं को परेशान करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### मनचलों की बढ़ी मुश्किलें

निर्भया ब्रिगेड के सक्रिय होते ही क्षेत्र के मनचलों और असामाजिक तत्वों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जहां पहले छेड़खानी और हुड़दंग की शिकायतें आम थीं, अब वहां पुलिस की सख्ती का खौफ साफ नजर आता है।

### निर्भया ब्रिगेड ने कम समय में प्रभावशाली परिणाम दिए : थानाध्यक्ष

इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि निर्भया ब्रिगेड को पूरी जिम्मेवारी और खुली छूट दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब डुमरांव में मनचलों और शरारती तत्वों की कोई खैर नहीं। ऐसे लोगों को सीधे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। थानाध्यक्ष ने एसआई प्रियंका की कार्यकुशलता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि निर्भया ब्रिगेड ने बेहद कम समय में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। कुल मिलाकर, निर्भया ब्रिगेड डुमरांव में सिर्फ एक पुलिस अभियान नहीं, बल्कि छात्राओं के त्मविश्वास और सुरक्षित भविष्य की मजबूत ढाल बनकर उभरी है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण


# डुमरांव-आसपास

बक्सर, 14 जनवरी 2026

website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



## चोट, संघर्ष और पारिवारिक विरोध को मात देकर विशाल पांडेय ने बॉडी-बिल्डिंग में रचा इतिहास



- लखनऊ में आयोजित मॉन्स्टर मसल इंडिया 2026 में शानदार प्रदर्शन, बक्सर जिले का नाम किया रोशन

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के चौसा प्रखंड अंतर्गत सिकरौल गांव के रहने वाले विशाल कुमार पांडेय ने यह साबित कर दिया है कि सच्चा जुनून और निरंतर मेहनत किसी भी बाधा को पीछे छोड़ सकती है। सीमित संसाधन, पारिवारिक असहमति और गंभीर शारीरिक चोट जैसी कठिन चुनौतियों से जूझते हुए विशाल ने बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर न सिर्फ अपने गांव बल्कि पूरे बक्सर जिले को गौरवान्वित किया है। 10 जनवरी 2026 को लखनऊ में आयोजित प्रतिष्ठित मॉन्स्टर मसल इंडिया 2026 चैंपियनशिप में विशाल कुमार पांडेय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीनियर बॉडीबिल्डिंग वर्ग ( 55 किग्रा भार वर्ग) में मिस्टर यूपी में तृतीय स्थान और मिस्टर लखनऊ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आए प्रतिभागियों के बीच विशाल की प्रस्तुति ने निर्णायकों और दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। यह उपलब्धि उनके खेल जीवन की दूसरी बड़ी सफलता मानी जा रही है। इससे पूर्व वे एफएमए 4.0 जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। विशाल का खेल सफर आसान नहीं रहा। उन्होंने अपने करियर की शुरूआत पावरलिफ्टिंग से की थी और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाई, लेकिन एक गंभीर चोट के कारण उन्हें यह खेल छोड़ना पड़ा। यह दौर उनके जीवन का सबसे कठिन समय था। बावजूद इसके, उन्होंने हार मानने के बजाय खुद को फिर से खड़ा किया और बॉडीबिल्डिंग को अपना नया लक्ष्य बनाया। लगातार अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने खुद को इस खेल में साबित किया। शुरूआती समय में उन्हें पारिवारिक विरोध का भी सामना करना पड़ा। उनके पिता जिम जाने से रोकते थे और खेल को लेकर आशंकित रहते थे, लेकिन आज बेटे की उपलब्धियों ने उनका नजरिया बदल दिया है। अब वही पिता विशाल की सफलता पर गर्व महसूस करते हैं और उनका हौसला बढ़ा रहे हैं। खेल उपलब्धियों के साथ-साथ विशाल को स्वामी विवेकानंद पुरस्कार और नेशनल यूथ इंस्पिरेशन अवॉर्ड 2025 जैसे सम्मान भी मिल चुके हैं। विशाल कुमार पांडेय की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करने का साहस रखते हैं।

## बक्सर में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक, 31 प्रतिशत खरीद पर जताई चिंता, पारदर्शिता और समय पर भुगतान के निर्देश

# धान अधिप्राप्ति में सुस्ती पर मंत्री सख्त, ब्रह्मपुर-डुमरांव को फटकार



**केटी न्यूज/बक्सर**

सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने बक्सर जिला के परिषदन सभागार में जिले के सभी विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने अधिकारियों को दो टूक निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**धान अधिप्राप्ति की धीमी रफ्तार पर नाराजगी**

बैठक के दौरान धान अधिप्राप्ति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने बताया कि जिले को कुल 1,28,796 मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य मिला है, जिसके विरुद्ध अब तक मात्र 31 प्रतिशत ही खरीद हो सकी है। इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने विशेष रूप से ब्रह्मपुर एवं डुमरांव प्रखंड में कम अधिप्राप्ति प्रतिशत पर नाराजगी जताई। मंत्री ने दोनों प्रखंडों के सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति में तत्काल तेजी लाई जाए और लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए।

### छोटे किसानों को प्राथमिकता, भुगतान में देरी नहीं

मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने धान अधिप्राप्ति कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बरतने पर जोर देते हुए कहा कि छोटे और सीमांत किसानों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और सरकार की योजनाओं पर उनका भरोसा बना रहे।

### गांव-गांव योजनाओं का प्रचार, अधिकारी रहें भ्रमणशील

मंत्री ने सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के साथ-साथ भारत सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार गांव-गांव किया जाए। विशेष रूप से पैक्सों द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र जैसी जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।

### पैक्स में सदस्यता बढ़ाने और नियमों के पालन पर जोर

बैठक में मंत्री ने सभी पैक्सों में अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पैक्स के आदर्श कार्मिक सेवा नियमावली का सख्ती से पालन कराने पर बल दिया। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि पैक्स अध्यक्ष या प्रबंधकारिणी सदस्य के रक्त संबंधी अथवा निकट संबंधी यदि प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं तो उन्हें तत्काल पद से मुक्त करने की कार्रवाई की जाए।

### रोजगारपरक सहकारी समितियों के विस्तार का निर्देश

मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने पीवीसीएस, मधुमक्खी पालन, बकरी पालन, भेड़ पालन, बुनकर समेत अन्य सहकारी समितियों के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि इन समितियों से जुड़े सदस्यों को रोजगारपरक और लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो और युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलें।

### वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद

समीक्षा बैठक में संयुक्त निबंधक (सहकारिता सेवाएं) पटना प्रमंडल संतोष कुमार झा, संयुक्त निबंधक (अंकेक्षण) मुख्यालय कामेश्वर ठाकुर, जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर चन्द्रमा राम, सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड आरा के प्रबंध निदेशक, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, मुख्य सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सहित सभी प्रखंडों के वरीय एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में मंत्री ने अधिकारियों को चेताया कि योजनाओं में प्रगति और किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### सिमरी में फर्जी नंबर प्लेट का खेल उजागर: चोरी की दो बाइक बरामद, तस्करी नेटवर्क का मिला सुराग

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता ने एक बड़े वाहन चोरी रैकेट की परतें खोल दी हैं। संध्या नियमित गश्ती और वाहन जांच के दौरान पुलिस ने दो चोरी की मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया, जबकि एक नामजद आरोपी अपने अज्ञात साथी के साथ अंधेरे और कोहरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम करीब 5.10 बजे महिला सिपाही और सशस्त्र बल के साथ सिमरी पुलिस गश्ती, वाहन चेकिंग और शराबबंदी के तहत छापेमारी के लिए निकली थी। इसी क्रम में दुबौली गांव स्थित पुल के पास रात लगभग 7.10 बजे दो युवक बिना हेलमेट मोटरसाइकिल पर बैठे संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोके जाने पर एक युवक ने अपना नाम अमित यादव (22 वर्ष), ग्राम एकौना, थाना सिमरी बताया। जब उससे मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो उसने मोबाइल में दस्तावेज होने की बात कही। इसी दौरान पुलिस की पूछताछ से घबराकर अमित यादव और उसका अज्ञात साथी मौके पर ही मोटरसाइकिल और मोबाइल छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीछा किया, लेकिन कोहरे और अंधेरे का लाभ उठाकर दोनों भागने में सफल रहे। जांच में बड़ा खुलासा तब हुआ जब जब्त दोनों मोटरसाइकिलों के रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी पाए गए। चेचिस नंबर के आधार पर सत्यापन करने पर पुष्टि हुई कि एक मोटरसाइकिल भोजपुर (बिहार) और दूसरी बलिया (उत्तर प्रदेश) से चोरी की गई थी, जिनकी प्राथमिकी पहले से संबंधित थानों में दर्ज है। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिलों और मोबाइल फोन को विधिवत जब्त कर लिया है। इस मामले में नामजद आरोपी अमित यादव तथा उसके फरार साथी के खिलाफ वाहन चोरी, चोरी की संपत्ति रखने और कूटरचना से जुड़ी गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि इस कार्रवाई से अंतरजिला वाहन चोरी नेटवर्क का बड़ा सुराग हाथ लगा है।

### छह माह के बाद लूट कांड के दो आरोपित गिरफ्तार, जेल

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के कृतसागर के समीप एनएच 922 पर छह माह पूर्व हुए एक लूटकांड के दो आरोपितो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से पीड़ित की लूटी गई मोबाईल फोन भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितो की पहचान कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव निवासी गुलशन कुमार एवं लक्ष्मण कुमार के रूप में हुआ है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि 27 अगस्त 2025 को शाहपुर थाना क्षेत्र निवासी सुनील कुमार अपनी बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे, इसी दौरान कृतसागर गांव के समीप नकाबपोश लूटेरो ने गन प्वाइंट पर उनसे 25 हजार नगर रुपए के अलावे बाइक व मोबाईल फोन लूट लिए थे। पीड़ित ने इस मामले में ब्रह्मपुर थाने में अज्ञात लूटेरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था। पुलिस ने वैज्ञानिक पद्धति वे मानवीय सूचनाओं के आधार पर इस घटना में दोनों आरोपितो के शामिल होने की जानकारी हासिल की इसके बाद एक टीम गठित कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनकी गिरफ्तारी से लूट की कई अन्य घटनाओं का उद्भेदन हो सकता है।

### कोलकाता पुलिस की दबिश से चक्की में हड़कंप, पाण्डेय डेरा से फरार आरोपी दबोचा गया

**चक्की।** चक्की थाना क्षेत्र के पाण्डेय डेरा गांव में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोलकाता पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर धोखाधड़ी के एक आरोपी को धर दबोचा। अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। गिरफ्तार युवक की पहचान श्रवण पाण्डेय, पिता मदन पाण्डेय के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि श्रवण के खिलाफ कोलकाता में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है और वह लंबे समय से वहां की पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह अपने पैतृक गांव पाण्डेय डेरा में छिपकर रह रहा था। इसी बीच कोलकाता पुलिस को उसके ठिकाने की पुख्ता सूचना मिली, जिसके बाद एक विशेष टीम चक्की पहुंची।

## एडवोकेट्स एसोसिएशन डुमरांव चुनाव कार्यक्रम घोषित, 22 जनवरी को होगा मतदान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित एडवोकेट्स एसोसिएशन के सत्र 2026-28 के लिए चुनाव कार्यक्रम की विधिवत घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार एसोसिएशन का चुनाव निर्धारित कार्यक्रम के तहत संपन्न कराया जाएगा। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में सरगर्मी तेज हो गई है और संभावित प्रत्याशी तैयारियों में जुट गए हैं।

जारी कार्यक्रम के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया 13 जनवरी से 17 जनवरी तक चलेगी। नामांकन पत्र प्रतिदिन पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 19 जनवरी को की जाएगी, जबकि नामांकन वापसी की तिथि 20 जनवरी निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 21 जनवरी को किया जाएगा।

मतदान 22 जनवरी को कराया जाएगा। मतदान का समय पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। मतदान समाप्ति के बाद उसी दिन अपराह्न 3.15 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि चुनाव संबंधी किसी भी कार्य दिवस को सरकारी अवकाश मान्य नहीं होगा। सभी अधिवक्ताओं से समय पर नामांकन, मतदान एवं अन्य प्रक्रियाओं में भाग लेने की अपील की गई है, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद एसोसिएशन परिसर में गतिविधियां बढ़ गई हैं और अधिवक्ताओं के बीच अध्यक्ष, सचिव सहित अन्य पदों को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## चौसा प्रखंड को मिलेगी नई प्रशासनिक पहचान, आधुनिक परिसर की ओर बढ़ा कदम



**केटी न्यूज/चौसा**

चौसा प्रखंड में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़, संगठित और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में एक अहम पहल शुरू हुई है। प्रखंड मुख्यालय परिसर में लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक आईटी भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह परियोजना न सिर्फ सरकारी कार्यालयों की दशा-दिशा बदलने वाली है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी सुविधाजनक और समय-संरक्षक साबित होगी। अब तक प्रखंड स्तर के विभिन्न विभाग अलग-अलग भवनों में संचालित हो रहे थे। इससे एक ओर प्रशासनिक समन्वय प्रभावित होता था, वहीं दूसरी ओर आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए कई कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नई योजना के तहत सभी विभागीय कार्यालयों को एक ही छत के नीचे लाया जाएगा, जिससे कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सकेगी। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का भूमि पूजन करीब 20 दिन पूर्व विधिवत रूप से किया गया था। इसके बाद मंगलवार से पुराने और जर्जर भवनों को हटाने का कार्य तेज कर दिया गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज पासवान ने बताया कि पुराने भवनों को हटाकर निर्माण कार्य के लिए आवश्यक स्थान को समतल किया जा रहा है, ताकि परियोजना निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित आईटी भवन को आधुनिक संरचना, डिजिटल कनेक्टिविटी और नवीन तकनीकी सुविधाओं से लैस किया जाएगा। भवन में न केवल कार्यालय कक्ष होंगे, बल्कि पदाधिकारियों के लिए आवासीय व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इससे विशेष रूप से आपातकालीन और संवेदनशील परिस्थितियों में प्रशासनिक निर्णय और कार्रवाई में तेजी आएगी। प्रखंड प्रशासन का मानना है कि अधिकारियों के आवास और कार्यालय एक ही परिसर में होने से 24 घंटे प्रशासनिक सक्रियता संभव हो सकेगी। साथ ही, आम नागरिकों को भी समय पर और बेहतर सेवाएं मिलेंगी। योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर शिकायतों के निस्तारण तक, हर प्रक्रिया अधिक सुचारु और जवाबदेह बनेगी।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि यह परियोजना चौसा प्रखंड के विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इससे न केवल प्रशासनिक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि क्षेत्र की छवि भी एक आधुनिक और विकसित प्रखंड के रूप में उभरेगी।

लोगों को उम्मीद है कि आईटी भवन के निर्माण के बाद चौसा प्रखंड प्रशासनिक सुविधा, सेवा वितरण और कार्यकुशलता के मामले में जिले के अन्य प्रखंडों के लिए उदाहरण बनेगा। कुल मिलाकर यह परियोजना चौसा के भविष्य की नींव मजबूत करने वाली साबित होगी, जहां प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम होकर विश्वास और सहयोग में बढ़ोतरी होगी।

## शहीद पार्क की बदलेगी सूरत, दुधिया रौशनी की चकाचौंध से होगा गुलजार : विधायक

- अगले वर्ष धूमधाम से मनाया जाएगा स्थापना दिवस, शहीदों की स्मृति को मिलेगा नया सम्मान



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव शहर के हृदय स्थल पर स्थित शहीद पार्क जल्द ही नए रूप-रंग में नजर आएगा। वर्षों से उपेक्षा का शिकार रहा यह ऐतिहासिक स्थल अब रोशनी से जगमगाएगा और सुव्यवस्थित स्वरूप में शहरवासियों को शहीदों की याद दिलाएगा। यह आश्वासन स्वयं डुमरांव विधायक ने शहीद पार्क के स्थापना दिवस समारोह के दौरान दिया, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

शहीद पार्क उन चार अमर शहीदों रामदास लोहार, रामदास सोनार, कपिलमुनी और गोपालजी की याद में स्थापित है, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के संगीनों का बेखौफ सामना करते हुए इसी स्थान पर अपने प्राणों की आहुति दी थी। ऐतिहासिक रूप से यह स्थान भी खास रहा है। अंग्रेजों के जमाने में यहां थाना हुआ करता था, जिसे आजादी के बाद ह्यपुराना थानाह्ल कहा जाने लगा। बाद में थाना स्थानांतरित हुआ, चौकी भी समाप्त कर दी गई और इसी ऐतिहासिक भूमि पर शहीद पार्क का निर्माण हुआ।

इस शहीद पार्क का भव्य उद्घाटन 12 जनवरी 2019 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था। तब से हर वर्ष शहीद स्मारक समिति द्वारा स्थापना दिवस मनाया जाता है। लेकिन समय के साथ पार्क की स्थिति बदहाल होती चली गई। बिजली की समुचित व्यवस्था नहीं होने और नियमित देखरेख के अभाव में पार्क जंगलनुमा रूप ले चुका है।

समिति के संयोजक संजय चंद्रवंशी ने बताया कि पार्क में माली की नियुक्ति के लिए कई बार वरीय अधिकारियों को पत्र लिखा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसी मुद्दे को लेकर स्थापना दिवस कार्यक्रम में चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक ने अपने संबोधन में पार्क की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई और भरोसा दिलाया कि जल्द ही इसकी तस्वीर बदली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष शहीद पार्क का स्थापना दिवस पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। न केवल पार्क की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि आकर्षक विद्युत सज्जा से यह स्थल रात में भी जगमगाता नजर आएगा। विधायक के इस आश्वासन के बाद शहीद परिवारों और समिति के सदस्यों में नई उम्मीद जगी है। लोगों ने इसे शहीदों के सम्मान की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम में दीनानाथ, मनोज कुमार, शनी कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

अब डुमरांववासियों को इंतजार है उस दिन का, जब शहीद पार्क न सिर्फ इतिहास की गवाही देगा, बल्कि रोशनी और सुव्यवस्था के साथ नई पहचान भी बनाएगा।

## डुमरांव में बाइक चोरी के बाद सामने आया सीसीटीवी फुटेज, चोर का लुक देख पुलिस स्तब्ध



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव रेलवे स्टेशन के पूर्वी रेलवे क्रासिंग के समीप स्थित एक अस्पताल के सामने से हुई बाइक चोरी मामले में पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीबी कैमरों को खंगाल लिया है, जिसमें चोर की हरक्कत कैद हो गई है।

चोर का हुलिया देख प्रथम द्दष्टया पुलिस भी हैरान हो गई है। लेदर जैकेट व जिंस पहले युवक को देख पुलिस को सहसा विश्वास नहीं हुआ कि इसी ने बाइक चोरी की है, लेकिन जैसे-जैसे पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगालते गई, यह साफ हो गया कि हाई प्रोफाइल दिखने वाला युवक बाइक चोर है।

बता दें कि पूर्वी क्रासिंग के समीप स्थित निजी अस्पताल के सामने से कठार गांव निवासी अमन कुमार सिंह नामक युवक की स्पलेंडर बाइक की चोरी रविवार को हो गई थी।

एफआईआर दर्ज करने के बाद डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा खुद इस मामले के उद्भेदन तथा बाइक चोर को पकड़ने में जुट गए है। उन्होंने थाना में लगे सीसीटीवी के एक्सेस में भी इस घटना को देखा। पुलिस उसकी तस्वीर को अन्य थानों में भेज पहचान का प्रयास कर रही है। वहीं, डुमरांव तथा आस पास के क्षेत्रों में सक्रिय बाइक चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विशेष अभियान शुरू कर दिया है।

थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने इस घटना को चुनौती के तौर पर लिया है, जल्दी ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।

# बिजली उपभोक्ता सप्ताह में दो दिन करेंगे अपनी शिकायत

**केटी न्यूज/रोहतास**

सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय ह्यसबका सम्मान-जीवन आसान-इज ऑफ लीविंग के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित निष्पादन को लेकर ऊर्जा सचिव सह बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने सभी आपूर्ति अंचल कार्यालयों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर सभी अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अनिवार्य रूप से अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनें और




उनका समाधान करें। विभाग के अधिकारी कार्यालय में हर सोमवार और शुक्रवार को उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनेंगे और उसका समाधान कराएंगे। यह व्यवस्था 19 जनवरी से लागू होगी। निर्देशानुसार, सभी अंचल, प्रमंडल, अवर प्रमंडल एवं सेक्शन कार्यालय में सोमवार को दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक और शुक्रवार को दोपहर 3:00 बजे से 4:30 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की शिकायतों की सुनवाई कर त्वरित समाधान किया जाएगा। इस दौरान विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने डिवीजन ऑफिस में, सहायक विद्युत अभियंता सब-डिविजन में और सेक्शन में कनिया अभियंता उपस्थित रहेंगे। विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह के निदेसानुसार प्रत्येक सप्ताह के दो कार्य दिवस सोमवार एवं शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, अवर प्रमंडल व प्रशाखा के सभी कार्यालयों में अधिकारी शिकायतों की सुनवाई करेंगे। उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर अफसरों के कार्यालय में मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार की दोपहर 12:30 बजे से 14:00 बजे तक और शुक्रवार को 15:00 बजे से 16:30 बजे तक उपभोक्ताओं का बिजली विभाग से संबंधित शिकायत की सुनवाई की जाएगी। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को संवेदनशीलता से सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सभी कार्यालयों में उपभोक्ताओं के लिए बैठने की उचित व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल, शौचालय आदि आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से प्राप्त सभी शिकायतों का पंजीकरण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह पहल उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी साबित होगी और उनका दैनिक जीवन आसान होगा। बिहार को सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल करने के लिए सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को लागू किया गया है।

## बिस्कुट पैकेट के आड़ में छिपा कर रखे गये थे 4752 लीटर शराब

# कंटेनर से 60 लाख का विदेशी शराब हुआ बरामद, एक तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार

**■ चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था जब्त शराब**

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-बक्सर मार्ग पर शाहपुर के ईटवा के समीप सोमवार को उत्पाद विभाग आरा एवं मद्यनिषेध इकाई पटना के सहयोग से दस चक्के वाले कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ। जप्त शराब बिस्किट के पैके ट के नीचे छिपा कर रखा गया था। टीम ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच



अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की पंजाब कि ओर से ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब मुजफ्फरपुर बिहार की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। 12 जनवरी को वाहन जांच के क्रम में मद्यनिषेध इकाई पटना के सहयोग से बक्सर-आरा मेन रोड पर शाहपुर थाना क्षेत्र के ईटवा मोड के पास से एक दस चक्का कंटेनर में रखे बिस्किट पैकेट की आड़ में छिपा कर रखे गये भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। कंटेनर पर यूपी का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने मौके से कंटेनर के चालक मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना अंतर्गत बहिलवाड़ा वार्ड नंबर-2 निवासी किशोर राय का पुत्र सुनील राय को गिरफ्तार कर लिया। उसे अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उक्त वाहन से विभिन्न ब्रांड के कुल 14952 रुपए पीस में 4752 रुपए लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 60 लाख आँका गया। जप्त शराब को चंडीगढ़ से मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक अनिल कुमार,सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# रोहतास क्राइम लिस्ट के टॉप-10 में शामिल अपराधी विष्णु गिरफ्तार

**विभिन्न अपराध कांड में वर्षों से फरार चल रहा था अपराधी**

**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास जिले के टॉप-10 अपराधकर्मी विष्णु कुमार सिंह उर्फ विवेक राज को काराकाट पुलिस ने स्थानीय बाजार से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी काराकाट थाना क्षेत्र के गच्छई रामपुर निवासी नागेंद्र सिंह के पुत्र विष्णु कुमार सिंह उर्फ विवेक राज पर लूट व डकैती सहित हथियार कांड के विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हैं। जो दो मामलों में कई वर्षों से फरार चल रहा था। इस संदर्भ में बिक्रमगंज अनुमंडलीय एएसपी संकेत कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 12 जनवरी को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि विवेक राज काराकाट बाजार में देखा गया है। इसके आधार पर एएसपी संकेत कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। जो टीम में काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार,एसआई रोहित कुमार,काराकाट थाने के अन्य



पुलिसकर्मी और डीआईयू रोहतास के जवान शामिल थे। जिस टीम ने उसी शाम बाजार क्षेत्र में छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। विवेक राज का अपराधिक इतिहास लंबा है । उसके खिलाफ रोहतास जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। जो काराकाट थाने में वर्ष 2019 के विभिन्न कांड संख्या तहत लूट के अपराध से जुड़े हैं। वहीं कांड संख्या 330/19 डकैती,डकैतों का जमावड़ा, लूट,चोरी और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत अवैध हथियार रखने,बिक्री या उपयोग से संबंधित है। इसके अलावा काराकाट थाने के कांड संख्या 71/19 में भी शस्त्र अधिनियम के तहत अवैध हथियार का मामला दर्ज है । नासरीगंज थाने में कांड संख्या 209/19 लूट से जुड़ा है । इस सफल गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम के सदस्यों को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है । एसडीपीओ संकेत कुमार ने इसे अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया । पूछताछ में आरोपी से और अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# काराकाट नगर पंचायत के महादलित टोला में विकास की खुली पोल

**केटी न्यूज/रोहतास**

काराकाट नगर पंचायत गोड़ारी के वार्ड-10 के महादलित टोला में झूठी विकास की खुली पोल। ज्ञात हो कि नगर पंचायत के गठन को तीन साल से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन यहां सड़कें,नालियां, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं धरातल पर नजर नहीं आ रही। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां पूरे देश में राष्ट्रीय ध्वज फहराने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं, वहीं महादलित बस्ती में भी प्रशासन और प्रतिनिधियों द्वारा 26 जनवरी में झंडा फहराये जाते हैं। ऐसे में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा महादलित टोला में झंडा किस प्रकार फहराएंगे, जबकि स्थिति इतनी जर्जर है। इस उदासीनता से महादलित लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। टोला निवासियों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी शौच की है। जोहरा खातून,सलमा खातून, इम्तियाज नट, नौशाद खलीफा,सुहैल नट समेत अन्य महादलितों का कहना है कि शौचालय न होने से महिलाओं को खेतों में जाना



पड़ता है। वहां खेत मालिक गालियां देकर भगा देते हैं। जोहरा खातून ने भावुक होकर कहा, हम महिलाओं की भी इज्जत है। चुनाव के समय पार्षद वोट लेने तो आए, उसके बाद कभी झांके तक नहीं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वार्ड पार्षद सैयद अंसारी वोटिंग के बाद पुणे चले गए हैं और महीनों से परिवार के साथ रह रहे हैं। जब उनसे संपर्क करने की कोशिश की गई, तो फोन नहीं उठाया। टोला वासी बोले,पार्षद ने काम किसी और के जिम्मे छोड़ दिया है। जो नालियों का गंदा पानी रास्तों पर बहता रहता है, सड़कें टूटी-फूटी हैं हम किसी तरह गुजारा कर रहे हैं। दूसरी बड़ी समस्या नालियों और सड़कों की है। बारिश होते ही पानी रास्तों पर जमा हो जाता है, जिससे आवागमन दुश्वार हो जाता है। महादलित टोला के पुरुष-महिलाओं ने एक स्वर से कहा,अगले चुनाव में वोट मांगने वालों को आईना दिखाएंगे। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने से पहले हमारी बुनियादी जरूरतें पूरी होनी चाहिए। नगर पंचायत के वार्ड 10 के वार्ड पार्षद से संपर्क का प्रयास किया गया। लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है ताकि महादलित टोला में विकास कार्य तेज हो सकें।

## एक नजर

### आमजन और शिक्षकों की शिकायतों के लिए लगेगा जनता दरबार

**आरा।** आम लोगों एवं शिक्षकों की शिकायतों के निष्पादन के लिए अब जनता दरबार लगेगा। जिला एवं प्रखंड स्तर पर प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को अपराह्न 4 बजे से अपराह्न 5 तक जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। उक्त आदेश के अनुपालन हेतु निम्नांकित निर्देश दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी मानवेंद्र कुमार राय ने बताया कि जनता दरबार कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी होंगे। उनकी अनुपस्थिति में नोडल पदाधिकारी जनता दरबार के निर्धारित तिथि को उपस्थित रहकर शिकायतों का निष्पादन करेंगे। शिकायतों के पंजीकरण के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिपिक कृष्णा पांडेय को प्राधिकृत किया गया है। जनता दरबार से प्राप्त शिकायतों का त्वरित गति से निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि जिला से निष्पादन होने योग्य कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो प्राप्त शिकायत पत्र की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करना होगा। सभी कार्यालय में आगंतुकों को सम्मान पूर्वक बैठाने एवं मिलने के साथ उनके लिए जरूरी सुविधाएं जैसे पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्था की जाएगी। आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों की पंजी का संधारण करते हुए शिकायतों की सतह अनुकरण की व्यवस्था की जाएगी।

### वर्ग 1 से 5 तक के वर्ग में 15 जनवरी तक पढ़ाई रहेगी बंद

**आरा।** जिले में अत्यधिक ठंड का मौसम एवं कम तापमान की स्थिति के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। इसके मद्देनजर जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा प्री-स्कूल, आँगनबाड़ी केन्द्रों सहित जिला के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों में वर्ग 1 से 5 तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियों को 14 से 15 जनवरी 2026 तक पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। वही वर्ग-05 से ऊपर के सभी कक्षाओं के शैक्षणिक गतिविधियों पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न साढ़े 3 बजे तक ही संचालित होंगे। प्री-बोर्ड बोर्ड की परीक्षा हेतु संचालित किए जाने वाले विशेष कक्षाओं परीक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

### दहेज को लेकर मारपीट में आरोपित पति गिरफ्तार

**आरा ।** महिला थाना पुलिस द्वारा दहेज को लेकर मारपीट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपित पति को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव स्थित उसके घर से सोमवार को की। गिरफ्तार गड़हनी थाना क्षेत्र के बगवां गांव निवासी स्व.अशोक सिंह का पुत्र आदित्य कुमार सिंह उर्फ धनंजय सिंह है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। बता दें कि 20 जुलाई 24 को पीड़िता रुचि कुमारी के साथ उसके पति आदित्य कुमार सिंह उर्फ धनंजय सिंह, सास, देवर सहित ससुराल के अन्य लोगो के द्वारा दहेज में बुलेट की मांग को लेकर गर्भवती अवस्था में मारपीट की गई थी। इस दौरान उससे पेट में चोट आ गई थी। जिसके कारण उसका बच्चा मिसकैरेज कर गया था। इसे लेकर पीड़िता द्वारा महिला थाना में अपने पति आदित्य कुमार सिंह उर्फ धनंजय सिंह, सास सुशीला देवी एवं देवर बिट्टू राज सहित ससुराल वालों के छह सदस्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसके देवर बिट्टू राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,जबकि पति उसी समय फरार चल रहा था।

### भूतपूर्व सैनिक की समस्याओं को लेकर अनुश्रवण समिति की बैठक

**आरा।** समहारणालय सभागार में जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर संवेदनशीलता के साथ सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अंचलाधिकारी उदवंतनगर, अंचलाधिकारी आरा सदर के अलावे अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल (आ.प्र.) राणा प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### प्रगति यात्रा से जुड़ी सड़क चौड़ीकरण योजनाओं की हुई समीक्षा

**आरा।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित सड़क चौड़ीकरण योजनाओं की प्रगति के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क चौड़ीकरण से संबंधित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। वही कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं पर चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि उक्त परियोजनाओं के लिए भूमि से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि सभी सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जा सके। बैठक में अपर समाहर्ता, भोजपुर, प्रभारी पदाधिकारी (राजस्व शाखा) सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता तथा अंचलाधिकारी बड़हरा, संदेश, आरा सदर एवं तरारी उपस्थित रहें।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**आरा ।** नवादा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के श्रीटोला स्थित उनके घर से सोमवार को की। गिरफ्तार वारंटियों में नवादा थाना क्षेत्र के श्रीटोला मोहल्ला निवासी करण पासवान एवं उसी मोहल्ले के निवासी बसंत पासवान है। बताया जाता है कि न्यायालय के द्वारा दोनों के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद नवादा थाना पुलिस द्वारा सोमवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पटना में 20 जनवरी को सुधा की दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता, इस मोबाइल नंबर पर करायें अपना रजिस्ट्रेशन

**एजेंसी। पटना**

सुधा के द्वारा वर्ष 2011 से प्रारम्भ की गई "दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन मकर संक्रांति के बाद इस साल भी 20 जनवरी को फुलवारीशरीफ स्थित पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रांगण में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, दिल्ली एवं अन्य सभी राज्यों के प्रतिभागियों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए महिला, पुरुष एवं वरिष्ठ नागरिक को अलग-अलग श्रेणी में रखा गया है। कोई भी महिला एवं पुरुष जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो, इसमें भाग ले सकते हैं।




प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी दिनांक 14.01.2026 से 19.01.2026 तक मोबाईल संख्या 6204381026 पर अपना नाम, पता, उम्र, लिंग एवं मोबाईल नं० लिखकर एस.एम.एस. करके अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 19.01.2026 संध्या 5.00 बजे तक है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागी को 3 मिनट का समय दिया जाता है एवं उनके द्वारा दही की अधिकतम मात्रा खाने वाले को कमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में विजेता घोषित किया जाता है। यह प्रतियोगिता पूर्व में बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही उत्सुकता से आयोजित होता था जिसमें दही, रसगुल्ला एवं अन्य कई दूध उत्पाद का प्रतियोगिता कर लोगों को खाने-पीने में जागरूकता बढ़ाई जाती थी। इसी ग्रामीण परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सुधा पिछले 15 साल से इस प्रतियोगिता का आयोजन कराती रही है। हर साल प्रतिभागियों की संख्या बढ़ती जा रही है एवं लोग इस कौतुहलपूर्ण प्रतियोगिता को देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। स्वास्थ्य का खयाल रखते हुए 18 साल से कम उम्र के बच्चों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाती है। सुधा परिवार पुनः आप सभी पुराने एवं नये प्रतिभागियों को नये वर्ष में नये जोश के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित करती है।

# जुगाड़ से बिजली चोरी में चोर हुए फेल विभाग ने केस दर्ज कर ठोका जुर्माना

**केटी न्यूज/रोहतास**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत दो प्रशाखा मे छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। सम्बंधित कनीय विद्युत अभियंता ने बताया की मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार मे कटिंग कर एवं एक अतरिक्त तार जोड़कर मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के दुबे डिहरी निवासी वशिष्ठ दुबे पिता-श्रीराम दुबे पर 36864, जनार्दन पाण्डेय पिता-सीताराम पाण्डेय पर 19820 रुपए दीपा देवी पति-बबन पाण्डेय पर 66077 रुपए,अनिल रंजन दुबे पिता-सुरेंद्र दुबे पर 60576 रुपये जुमार्ना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। आगे बताया की विद्युत विभाग का बकाया राशि लंबित रहने पर लाइन काटने के उपरांत बिना बकाया राशि तथा पुनः विद्युत संयोजन-आरसी शुल्क जमा किये अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर धारूपुर निवासी दशरथ यादव पिता-सरयू सिंह यादव पर 59241 रुपये तथा खैरा निवासी पप्पू कुमार पिता-द्वारिका चौरसिया पर बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से व्यवसायिक परिसर मे विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर 6756 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है।

जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। सभी लोगों पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने को आवेदन सौंपा गया है।

# बिहार में ट्रैफिक रूल तोड़ना पड़ेगा भारी, राज्य के 225 चौक-चौराहों पर लगेंगे हाईटेक एआई कैमरे

**एजेंसी। पटना**

बिहार के सबसे ज्यादा भीड़भाड़ और जाम वाले 225 चौराहों और प्रमुख कॉरिडोरों पर अब हाईटेक कैमरों से निगरानी की जाएगी। परिवहन विभाग ने तय किया है कि मार्च 2026 से पहले इन सभी इलाकों में कैमरा लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। 15 जनवरी के बाद जिलों में इस योजना पर तेजी से काम शुरू होगा। इसका उद्देश्य सिर्फ जाम से मुक्ति नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्मार्ट और अनुशासित ट्रैफिक सिस्टम बनाना है। परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया



कि पटना शहर के अलावा दानापुर, फुलवारी, गोला रोड, पटना सिटी, कंकड़बाग और फतुहा सहित हाजीपुर, भोजपुर, अरवल, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, कटिहार, फारबिसगंज, गया, बाढ़, बेगूसराय, जमुई, औरंगाबाद और सीवान के प्रमुख चौराहों को भी इस नेटवर्क में शामिल किया जाएगा। जहां-जहां सड़कें आपस में जुड़कर जाम की बड़ी वजह बनती हैं, उन सभी कॉरिडोर को भी योजना में शामिल किया गया है। परिवहन विभाग का कहना है कि कैमरा निगरानी से ट्रैफिक कंट्रोल आसान होगा। ट्रैफिक पुलिस और जिला परिवहन अधिकारी संयुक्त रूप से इन इलाकों में नियमों का सख्ती से पालन कराएंगे। इससे वाहन संचालन सुचारू होगा और जाम की समस्या काफी हद तक खत्म हो सकेगी। इस पूरी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए जिला स्तर के कंट्रोल रूम को हाईटेक किया जाएगा, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का उपयोग होगा। कैमरे न सिर्फ ट्रैफिक की लाइव मॉनिटरिंग करेंगे, बल्कि नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान कर स्वचालित अलर्ट भी जारी करेंगे। इससे चालान प्रक्रिया तेज और पारदर्शी होगी। इन कैमरों के जरिए ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले ड्राइवरों को सीधे चालान किया जाएगा। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी और असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी में भी मदद मिलेगी। चोरी, छिनतई और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई संभव होगी। पहले भी कई जिला मुख्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, अब इस दायरे को पूरे राज्य में बढ़ाकर समान और मजबूत ट्रैफिक मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है। 225 चौराहों और कॉरिडोर पर हाईटेक कैमरा लगाने के बाद बिहार की ट्रैफिक व्यवस्था एक नए युग में प्रवेश करेगी। जाम, अव्यवस्था और नियमों की अनदेखी की जगह अनुशासन, तकनीक और त्वरित कार्रवाई लेगी। यह पहल न सिर्फ आम लोगों की परेशानी कम करेगी, बल्कि बिहार को स्मार्ट ट्रैफिक मैनेजमेंट के क्षेत्र में भी अग्रणी बनाएगी।

## बिहार कैबिनेट से वकीलों को तोहफा, कई अहम फैसले

# कई विभागों में होंगी भर्तियां और आठवीं पास को भी मिलेगा जॉब



**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित संपन्न हो गई। नए साल 2026 में यह नीतीश सरकार की पहली कैबिनेट बैठक हुई। सीएम नीतीश कुमार मुख्य सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। इसमें 41 प्रस्ताव पर सीएम नीतीश ने स्वीकृति दी। सीएम नीतीश कुमार नए साल पर जनता को बड़ा तोहफा दिया है। उन्होंने कृषि जल संसाधन विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, विधि विभाग समेत कई विभाग में नए पदों के सृजन के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। बैठक में गया में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) परियोजना को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए 220 केवी डीसी ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इस योजना पर करीब 33.29 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वहीं, दरभंगा एयरपोर्ट के पास लॉजिस्टिक पार्क और कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित 50.0004 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को भी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसके लिए 138.82 करोड़ रुपये की राशि तय की गई है। इसके अलावा, माननीय उच्च न्यायालय, पटना के लिए कोर्ट मैनेजर के पदों की स्वीकृति सहित कई अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी मिली है।

### अधिवक्ताओं से लेकर जेल सुरक्षा तक के फैसले

कैबिनेट की बैठक में बिहार के विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए बिहार राज्य आकस्मिकता निधि से 30 करोड़ रुपये का अग्रिम देने को मंजूरी दी गई है। वहीं, पटना उच्च न्यायालय में चार विधि सहायकों के नए पद सृजित करने और 45 विधि लिपिकों का पदनाम बदलकर विधि सहायक करने का निर्णय लिया गया। तकनीकी शिक्षा को मजबूती देते हुए बगहा स्थित नए राजकीय पॉलिटेक्निक के लिए 106 पदों के सृजन को हरी झंडी दी गई। जेलों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राज्य की 53 काराओं में 9,073 नए सीसीटीवी कैमरे लगाने और 8 काराओं में पुराने सिस्टम के एकीकरण को मंजूरी दी गई, जिस पर करीब 155 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा, सात निश्चय-3 कार्यक्रमों की निगरानी का दायित्व बिहार विकास मिशन को सौंपा गया है। राजवंशीनगर और शास्त्रीनगर के पुनर्विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार करने हेतु परामर्शी शुल्क को भी स्वीकृति दी गई।

### 16 जनवरी से सीएम निकलेंगे समृद्धि यात्रा पर

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 16 जनवरी से ह्यसमृद्धि यात्राह्व पर निकलने वाले हैं। यह यात्रा चार चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण में मुख्यमंत्री 16 जनवरी को पश्चिमी चंपारण से दौरे की शुरूआत करेंगे। इसके बाद 17 जनवरी को पूर्वी चंपारण, 19 जनवरी को सीतामढ़ी और शिवहर, 20 जनवरी को गोपालगंज, 21 जनवरी को सिवान, 22 जनवरी को सारण, 23 जनवरी को मुजफ्फरपुर और 24 जनवरी को वैशाली जिले का दौरा करेंगे।

### इन फैसलों पर भी मुहर लगाई

झारखंड के साथ सोन नदी के जल बंटवारे को लेकर एमओयू के लिए कैबिनेट में स्वीकृति मिली. 7.75 मिलियन एकड़ फीट जल में से 5. 75 मिलियन एकड़ फीट बिहार को और 2 मिलियन एकड़ फीट झारखंड को पानी मिलेगा. दरभंगा हवाई अड्डा के पास लॉजिस्टिक पार्क एवं कार्गो हब निर्माण के लिए 50 एकड़ भूमि अधिग्रहणकिए जाने के लिए 138 करोड़ 82 लाख 88 हजार रुपए की स्वीकृति. बिहार अधिवक्ता कल्याण न्यास समिति को सहायता हेतु एक मोस्ट 30 करोड रुपए राशि दिए जाने की स्वीकृति. राज्य के 13 काराओं में नए सिरे से 9073 सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की स्वीकृति दी गई. इसमें 155 करोड़ 38 लाख 36 हजार 153 रुपए की राशि खर्च होगी.

## एक नजर

### बैंक डकैत अमन शुक्ला हत्याकांड का खुलासा, तीन शूटर गिरफ्तार

**पटना।** पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र में बीते 5 जनवरी को हुई बैंक डकैत अमन शुक्ला हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि हत्या की साजिश अमन के पुराने साथी ने रची थी।। सोनू उर्फ कल्लू ने अमन शुक्ला की हत्या के लिए 5 लाख रुपये की सुपारी दी थी। पटना एसएसपी के अनुसार, यह हत्या आपसी वर्चस्व और आपराधिक योजना से जुड़ी थी। अमन शुक्ला को विवाद में शामिल नहीं करने को लेकर उपजे तनाव के कारण इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिसिया जांच में सामने आया कि सोनू उर्फ कल्लू ने खुद पर शक न जाए, इसके लिए पहले ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया था, जबकि बाहर से पूरी हत्या की प्लानिंग की जा रही थी। इस मामले में पुलिस ने हत्या को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों धर्मेंद्र, सुजीत और जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों से पूछताछ के बाद हत्या की पूरी साजिश का खुलासा हुआ। पटना एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और सभी आरोपियों के खिलाफ ठोस सबूत जुटाए जा चुके हैं। पुलिस इस केस में फास्ट ट्रैक तरीके से चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है।

### थैलेसीमिया से पीड़ित 7 बच्चे सीएमसी वेल्लोर रवाना बिहार सरकार कराएगी नि:शुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**पटना।** थैलेसीमिया से पीड़ित 7 बच्चों को इलाज के लिए वेल्लोर ले जाया जा रहा है। इन बच्चों का उटउ वेल्लोर में नि:शुल्क बोन मैरो ट्रांसप्लांट होगा। जो बिहार की नीतीश सरकार मुफ्त करवा रही है। इन सभी बच्चों को लेकर आज एक टीम वेल्लोर के लिए रवाना हुई है। इस बात की जानकारी बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दी। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़, संवेदनशील एवं सर्वसुलभ बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में थैलेसीमिया (मेजर) पीड़ित 07 बच्चों का एक नया बैच 13 जनवरी को बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) हेतु तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) रवाना किया गया है। यह थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का सातवां बैच है। उन्होंने कहा कि सातवें बैच में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित बच्चों को बीएमटी हेतु भेजा गया है। इनमें मधुबनी, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, वैशाली, सीतामढ़ी, खगड़िया एवं पूर्वी चंपारण से एक-एक बच्चा शामिल है। इससे पूर्व अलग-अलग चरणों में कुल 26 बच्चों का सफलतापूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराया जा चुका है।

### NEET छात्रा की संदिग्ध मौत पर पटना में बवाल मृतका के शव को लेकर सड़क पर उतरे परिजन

**पटना।** पटना के एक हॉस्टल में ठएएळ की तैयारी कर रही एक छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद राजधानी में आक्रोश फैल गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजन छात्रा का शव लेकर कारगिल चौक पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा हॉस्टल के अपने कमरे में बेहोशी की हालत में मिली थी। काफी देर तक बाहर न आने पर हॉस्टल स्टाफ को शक हुआ, जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। छात्रा को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि छात्रा के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं। उनका दावा है कि दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। पिता के आवेदन पर चित्रगुप्त नगर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस जांच में जुट गई है। शव के साथ प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि मेडिकल की पढ़ाई पटना में रहकर छात्रा कर रही थी। मृत छात्रा जहानाबाद जिले की रहने वाली थी। पटना के शंभू हॉस्टल में रहकर मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी, हॉस्टल के संचालक के साथ मिलकर, मारपीट कर दरिंदो में बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी।

# गोपालगंज में निगरानी की बड़ी कार्रवाई, बरौली अंचल का राजस्व पदाधिकारी 6 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

बिहार में घूसखोर अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे हैं, आए दिन ये रंगेहाथ घूस लेते पकड़े जा रहे हैं, लेकिन इस कार्रवाई के बावजूद ऐसा लगता है कि घूसखोरों में डर खत्म हो गया है। यही कारण है कि आए दिन कोई ना कोई घूस लेते पकड़ा जा रहा है। इस बार गोपालगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। बरौली अंचल में पदस्थापित राजस्व पदाधिकारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला गोपालगंज जिले के बरौली अंचल कार्यालय से जुड़ा हुआ है, जहां पदस्थापित राजस्व पदाधिकारी विजय सिंह को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने 6 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। जानकारी के अनुसार, बघैची



गांव निवासी शैलेंद्र कुमार का करीब 9.9 डिसमिल जमीन के दाखिलझ्र खारिज से संबंधित मामला लंबित था। आरोप है कि इस दाखिलझ्र खारिज के एवज में राजस्व पदाधिकारी द्वारा पहले 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। बाद में बातचीत के दौरान रिश्वत की राशि घटाकर 6 हजार रुपये तय की गई। रिश्वत देने में असमर्थ शैलेंद्र कुमार ने निगरानी विभाग से संपर्क किया और पूरे मामले की लिखित शिकायत निगरानी थाना में दर्ज कराई। शिकायत के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो द्वारा मामले का सत्यापन कराया गया, जिसमें यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ कि राजस्व पदाधिकारी द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने ट्रैप टीम का गठन किया और योजनाबद्ध तरीके से आज कार्रवाई की गई।

# खेलते-खेलते बुझ गईं दो नन्हीं जिंदगियां पोखर में डूबने से सुपौल में दो बच्चियों की मौत

**एजेंसी। पटना**

सुपौल जिले के करजाईन थाना क्षेत्र के सीतापुर गांव में मंगलवार का दिन पूरे गांव के लिए कभी न भूल पाने वाला गम छोड़ गया। मासूम हंसी और खेल-कूद से गूंजने वाला मोहल्ला अचानक चीख-पुकार और मातमी सन्नाटे में बदल गया, जब घर के सामने खेल रही दो नन्हीं बच्चियां फिसलकर पोखर में डूब गईं और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। मृत बच्चियों की पहचान सीतापुर निवासी सुरेश मेहता की 11 वर्षीय पुत्री प्रीति प्रिया और राजेश कुमार मेहता की 9 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दोनों सहेलियां रोज की तरह अपने घर के सामने स्थित पोखर के किनारे खेल रही थीं। खेल-खेल में अचानक उनका पैर फिसला और दोनों एक-दूसरे को संभाल भी नहीं पाईं। देखते ही देखते दोनों गहरे पानी में समा गईं। कुछ देर तक किसी को इस अनहोनी का अंदाजा नहीं हुआ। जब आसपास के लोगों ने बच्चियों को नहीं देखा तो खोजबीन शुरू हुई। पोखर के पास पहुंचते ही ग्रामीणों को आशंका हुई और पानी में तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चियों को पोखर से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों बच्चियां पानी में दम तोड़ चुकी थीं। आनन-फानन में ग्रामीणों और परिजनों की मदद से दोनों को रेफरल अस्पताल राघोपुर ले जाया गया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजीव द्विवेदी ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में जैसे ही यह खबर मिली, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मां की चीत्कार और पिता की बेबसी ने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। घटना की सूचना मिलते ही करजाईन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

# बिहार में बड़ा रेल हादसा टला : दुर्घटनाग्रस्त होने से बची जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन, यात्रियों में मचा हड़कंप

**एजेंसी। पटना**

समस्तीपुर जंक्शन पर सोमवार की देर रात एक गंभीर सुरक्षा चूक का मामला सामने आया, जब प्लेटफॉर्म पर असुरक्षित रूप से रखा हाइड्रेंट लोहा पाइप चलती ट्रेन में फंस गया। इस घटना को समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधारात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की रात करीब 11 बजे ट्रेन संख्या 13032 जयनगरझ्रहावड़ा एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर आगमन के दौरान मुजफ्फरपुर छोर पर त्वरित वाटरिंग कार्य के लिए रखा गया हाइड्रेंट लोहा पाइप लुढ़ककर ट्रेन के एक कोच में फंस गया। पाइप प्लेटफॉर्म और कोच के बीच जाम हो गया और लगभग 140 मीटर तक ट्रेन के साथ घिसटता रहा, जिससे प्लेटफॉर्म की कोपिंग टाइल्स क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना



मिलते ही स्टेशन प्रबंधन और संबंधित तकनीकी विभाग हरकत में आए। गैस कटर की मदद से पाइप को काटकर हटाया गया। जांच में प्रभावित कोच के निचले हिस्से के लैवेटरी क्षेत्र को क्षति पहुंचने और पीछे के कोच का फुटबोर्ड मुड़ने की पुष्टि हुई। आवश्यक मरम्मत और फिटनेस जांच के बाद ट्रेन को रात करीब साढ़े 12 बजे आगे के लिए रवाना किया गया। एहतियात के तौर पर दो एस्कॉर्ट स्टाफ भी ट्रेन के साथ लगाए गए। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि ट्रेन करीब डेढ घंटे तक बाधित रही। समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने इसे गंभीर सुरक्षा लापरवाही मानते हुए संबंधित ठेकेदार फर्म पर टेंडर शर्तों के तहत जुमार्ना लगाया है। वहीं, कार्य की निगरानी कर रहे वरीय अनुभाग अभियंता के खिलाफ रेल सेवक अनुशासन एवं अपील नियम के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# बिहार में सर्द हवा ने बढ़ाई कनकनी, छह जिलों का तापमान आठ डिग्री से कम



**एजेंसी। पटना**

बिहार के कई जिलों में आज धूप तो निकली है लेकिन सर्द हवा के कारण लोगों को कनकनी से राहत नहीं मिल रही है। आज मौसम विज्ञान केंद्र ने उत्तर और उत्तर-पूर्व बिहार में घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार सुबह इन इलाकों में कई जगह घना कोहरा देखा गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज में घना कोहरा का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने वाहनों चालकों को सावधानी बरतने की अपील की है। बाकी जिलों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले चार दिनों तक बिहार में मौसम शुष्क बना रहेगा। 17 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभा आएगा। इसके बाद बिहार का मौसम बदलेगा। कई जगह बूंदाबांदी भी हो सकती है। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। सबसे कम अधिकतम तापमान मुजफ्फरपुर में 18.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बीते 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में दो से पांच डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं अगले पांच दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। वहीं न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट की प्रवृत्ति के साथ तापमान लगभग स्थिर बना रह सकता है।

### जानिए किस जिले में कितनी ठंड पड़ी

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार मंगलवार (13 जनवरी 2026) को राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान एकल अंक में दर्ज किया गया। इस दौरान भागलपुर जिले के सबौर में राज्य का सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं मधुबनी में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री, सुपौल में 10.1 डिग्री, पूर्णिया में 9.1 डिग्री और किशनगंज में 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अररिया के फारबिसगंज में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुजफ्फरपुर में पारा 10.2 डिग्री और मोतिहारी में 10.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। समस्तीपुर में 7.7 डिग्री, वैशाली में 9.2 डिग्री, छपरा में 8.5 डिग्री और जीरादेई में 7.3 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा।

### गया का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री

पटना में न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री, नालंदा (राजगीर) में 10.2 डिग्री और गया में 7.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। औरंगाबाद में न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री रहा। रोहतास के सासाराम और डेहरी में पारा 8.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि अरवल में 9.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मुंगेर में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री, भागलपुर में 8.1 डिग्री और खगड़िया क्षेत्र के अगवानपुर में 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी भी दर्ज की गई है, हालांकि सुबह-शाम ठंड का असर अभी बना रहेगा।

# मधुबनी पावर सब स्टेशन में ब्लास्ट चार कर्मचारी गंभीर रूप से घायल

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मधुबनी जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। पंडौल प्रखंड के पंडौल स्थित पावर सब स्टेशन में मेंटेनेंस के दौरान पैनल में जोरदार विस्फोट हो गया। ब्लास्ट के बाद पैनल से निकले ज्वलनशील लिक्विड के फैलने से आग लग गई, जिससे वहां मौजूद 4 कर्मचारी आग में झुलस गए। इस हादसे में सहायक अभियंता अश्वनी कुमार, स्टाफ सज्जन कुमार, गार्ड कमरूजमा और गार्ड प्रमोद राय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। फिलहाल विस्फोट और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।